भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 724

गुरुवार, 21 जुलाई, 2016/30 आषाढ़, 1938 (शक)

राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत हेतु निधियां

724. श्री अर्जुन लाल मीणा:

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को राजस्थान में अवस्थित राजमार्गों की मरम्मत और रखरखाव हेतु 2016-17 के दौरान 75 करोड़ रुपये आबंटित करने हेतु एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस राशि को राज्य सरकार को कब तक आबंटित किये जाने की संभावना है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री पोन्. राधाकृष्णन)

(क) से (ग): सरकार द्वारा 2016-17 के दौरान राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत और अनुरक्षण के लिए 86.26 करोड़ रूपए की राशि आवंटित की गई है ।

*****